SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN EVENING COLLEGE Vishweshwarapuram, Bangalore. **Practics Paper- Nov 2018**	**Course:**	III Semester B.Com(CBCS)
	Subject:	**Hindi**
	Max. Marks:	70
	TIME:	3: 00 Hrs.

I. **एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **1x10=10**

1) कोलम्बस किस देश का नाविक था?
2) कौन सबके उस्ताद निकले?
3) योरोप में व्यापार की सबसे बड़ी मंड़ियाँ कौन-सी थीं?
4) अंग्रेज कितने सालों से हिन्दुस्तान के समुद्री रास्तों की तलाश कर रहे थे?
5) हेक्टर का शाब्दिक अर्थ क्या है?
6) किसने बम्बई को भी घेर लिया था?
7) किनका जमा-जमाया व्यापार चौपट हो रहा है?
8) किसने स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों का साथ नहीं दिया?
9) सत्ता के हस्तांतरण कराने के लिए इंग्लैंड से भारत कौन आए थे?
10) अलख आजादी की रचना के रचनाकार का नाम लिखिए।

II. **अ) किन्ही दो की संदर्भ सहित व्याख्या करेः** **2x6=12**

1) हमारे खेत, खलिहान, कोठार अनाज से भरे रहते थे। बाज़ार में दाम भी अच्छे मिल जाते थे। अब हालत भिखारियों से भी बदतर हो गई है।
2) अरे मैं कहता हूँ सारे राजा-नवाब एक होकर इन फिरंगियों का मुक़ाबला करें तो क्या इन्हें देश के बाहर खदेड़ा नहीं जा सकता।
3) अंग्रेज़ हम पर हुकूमत इसलिए करते हैं, क्योंकि हम उन्हें सहयोग देते हैं।
4) स्वतंत्रता के हर अहिंसक सिपाही को मेरा एक ही संदेश है.......करो या मरो।

III. अलख आजादी की नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

भारत की सम्पन्नता से आकृष्ट विदेशियों का आगमन और व्यापार करने की अनुमति लेकर समूचे देश के शासक बन जाने की दास्तान अलख आजादी की नाटक में व्यक्त है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

IV. **किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिएः** **1x6=6**

1) लाला लाजपत राय।
2) साइमन कमीशन

V. **कोई <u>दो</u> पत्र लिखिए:** **2x10=20**

1) श्री अमित शाह आई.ए.एस उपसचिव. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से अवर सचिव, स्वास्थ मंत्रालय, भारत सरकार, की ओर से अवर सचिव, शिक्षा मंत्रालय कर्नाटक राज्य को राज्य में पिछले दो वर्षो से हो रही हिन्दी की प्रगति का विवरण माँगते हुए एक सामान्य सरकारी पत्र लिखिए।
2) श्री अरविन्द कुमार आई.ए.एस सचिव. समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से श्री ममता शर्मा की सेवा अवधी 2 साल बढ़ाये जाने की सहमति माँगते हुए एक अर्द्ध सरकारी पत्र, सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली-2 को लिखिए।
3) समाज कल्याण मंत्रालय, कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव श्री परमानन्दधीर आई.ए.एस को 25 दिन का उपाजित अवकाश प्रदान किया गया था, अवकाश समाप्ति पर उनकी सेवाएँ 03 नवंबर, 2018 से सूचना व प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गयी है। इस संबन्ध में गजट में प्रकाशनार्थ एक अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए।

VI. **निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए:** **10**

यद्यपि नयी उदारीकरण की आर्थिक नीति भारत में अधिक पुरानी नहीं है, लेकिन विगत सात वर्षों में इसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। आर्थिक विकास की दर पहले की तुलना में बढ़ी है- तथा हमारे निर्यातों में भी वृद्धि हुई है। उदारीकरण के फलस्वरूप हमने अपने देश में विदेशी तकनीकी का आयात कर अपनी तकनीकी व्यवस्था में सुधार किया है। जहाँ पहले बाजार में किसी वस्तु के एक या दो विकल्प ही मौजूद थे, वहीं आज हमारे पास विभिन्न वस्तुओं के विभिन्न विकल्प मौजूद हैं।